भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2749

जिसका उत्तर 16.03.2023 को दिया जाना है

भारतमाला परियोजना

2749. श्री भागीरथ चौधरी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में भारतमाला परियोजना कब शुरु हुई थी;

(ख) परियोजना के अंतर्गत किन-किन राज्यों में सड़क निर्माण कार्य निष्पादित किया गया है;

(ग) राजस्थान राज्य में अब तक किए गए उक्त कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या परियोजना के अंतर्गत अजमेर से चंडीगढ़ तक 500 किलोमीटर सड़क निर्माण को मंजूरी दी गई थी और वर्ष 2018-19 में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की गई थी जो अभी भी लंबित है और यदि हां, तो इसके लंबित होने के क्या कारण हैं;

(ड.) क्या सरकार का किशनगढ़, अजमेर से हनुमानगढ़ तक यातायात के अत्यधिक भार और उस खंड पर बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय विकास परियोजना (एनएचडीपी) के अंतर्गत इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मॉडल के साथ 406 किलोमीटर राजमार्ग का विकास करने और उसे चार लेन कंक्रीट सड़क बनाकर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) के रुप में विकसित करने तथा भारतमाला परियोजना के अंतर्गत अजमेर से चंडीगढ़ तक सड़क का निर्माण करने का प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस प्रयोजनार्थ निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) भारतमाला परियोजना को 2017 में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया था। परियोजना के तहत विभिन्न राज्यों में निष्पादित किए जा रहे/निष्पादन के लिए प्रस्तावित कार्य का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ग) "भारतमाला परियोजना" के तहत राजस्थान राज्य में निष्पादित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे/राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**एक्सप्रेसवे/परियोजना का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**टिप्पणियां**
1.	8-लेन दिल्ली-वडोदरा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे, एनई-4-13 पैकेज	373.625	4 पैकेज पूर्ण (फरवरी-23 तक समग्र प्रगति 80.64% हुई)
2.	6-लेन संगरिया-सांचोर-संथालपुर (अमृतसर-जामनगर) आर्थिक	636.80	4 पैकेज पूर्ण

	कॉरिडोर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे, रारा-754के - 23 पैकेज		(फरवरी-23 तक समग्र प्रगति 88.26% हुई)
3.	रारा-925 का गंगारिया बावड़ी कलां-सेरवा-बाखासर खंड और रारा-925-ए (2 एलपीएस) का सतागंधव खंड	196.97	परियोजना पूर्ण
4.	मुनाबाओ (रारा-25ई)- सुंद्रा - म्याजलार - धनाना - असुतर - रारा-70 का घोटारू-तनोट (2 एलपीएस)	273.867	परियोजना पूर्ण
5.	भारतमाला पैकेज-6 (पार्ट-2) के तहत ईपीसी मोड पर भारतमाला परियोजना के चरण-1 के तहत रायसिंहनगर-पूगल खंड का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन का निर्माण/उन्नयन	162.460	परियोजना पूर्ण
6.	भारतमाला परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत एनएच-911ए के खाजूवाला-पूगल खंड और और एनएच-911 के पूगल-दंतौर-जग्गसर-गोकुल-गोडू-रंजीतपुरा - चरणवाला - नौख - बाप खंड का पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन /4 लेन में उन्नयन (पैकेज बीएम/10)	212.107	परियोजना पूर्ण
7.	भारतमाला परियोजना के चरण- I के तहत ईपीसी मोड पर तनोट-रामगढ़-भादासर-जैसलमेर रारा-68 और भादासर (मोकल)-सरकारिताला पाकिस्तान सीमा रारा-968 तक	193.523	75.30% वास्तविक प्रगति हासिल की गई
8.	एचएएम पर राजस्थान राज्य में एनएच (ओ) के तहत 911 (डिजाइन चै.-0.500 से 101.00) (लंबाई 102.076 किलोमीटर) तक के श्रीगंगानगर-रायसिंहनगर खंड का 2 एलपीएस में निर्माण/उन्नयन	102.076	21.50% वास्तविक प्रगति हासिल की गई

(घ) से (च) भारतमाला परियोजना के तहत अजमेर से चंडीगढ़ तक कोई अनुमोदित गलियारा नहीं है। तथापि, जालंधर-मोगा-भटिंडा-किशनगढ़-अजमेर खंड के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) व्यवहार्यता स्तर पर बंद कर दी गई थी। किशनगढ़ से हनुमानगढ़ तक का खंड राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है और यह राजस्थान राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है।

अनुबंध

'भारतमाला परियोजना' के संबंध में श्री भागीरथ चौधरी द्वारा दिनांक 16.03.2023 को पूछे गए लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 2749 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

भारतमाला परियोजना का राज्य-वार सारांश

राज्य	अनुमोदित और सौंपी गई		अनुमोदित, लेकिन अभी सौंपे जाने हैं	
	लंबाई (किमी)	कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रु.)	लंबाई (किमी)	कुल पूंजीगत लागत (करोड़ रु.)
आंध्र प्रदेश	**1,440**	**49,754**	**219**	**6,624**
असम	**433**	**17,525**	**0**	**0**
बिहार	**964**	**26,596**	**197**	**6,909**
छत्तीसगढ़	**471**	**14,541**	**0**	**0**
दिल्ली	**203**	**18,212**	**0**	**0**
गोवा	**26**	**63**	**0**	**0**
गुजरात	**1,214**	**51,840**	**0**	**0**
हरियाणा	**969**	**41,973**	**86**	**1,680**
हिमाचल प्रदेश	**167**	**9,709**	**0**	**0**
जम्मू और कश्मीर	**251**	**19,530**	**0**	**0**
झारखंड	**553**	**14,813**	**46**	**1,218**
कर्नाटक	**1,533**	**43,692**	**0**	**0**
केरल	**708**	**57,322**	**0**	**0**
मध्य प्रदेश	**1,805**	**36,732**	**409**	**11,232**
महाराष्ट्र	**2,149**	**66,626**	**47**	**1,810**
मणिपुर	**635**	**10,744**	**0**	**0**
मेघालय	**170**	**2,623**	**0**	**0**
मिजोरम	**593**	**11,161**	**0**	**0**
नगालैंड	**208**	**3,961**	**0**	**0**
ओडिशा	**962**	**19,919**	**5**	**173**
पंजाब	**1,422**	**48,263**	**134**	**3,617**
राजस्थान	**2,409**	**45,359**	**0**	**0**
तमिलनाडु	**1,457**	**44,877**	**0**	**0**
तेलंगाना	**1,056**	**21,321**	**0**	**0**
त्रिपुरा	**94**	**1,430**	**0**	**0**
उत्तर प्रदेश	**2,223**	**72,550**	**197**	**9,983**
उत्तराखंड	**199**	**8,202**	**0**	**0**
पश्चिम बंगाल	**385**	**13,187**	**0**	**0**
कुल जोड़	**24,699**	**772,525**	**1,338**	**43,246**

*****